स्टाफ क्वार्टर की पहली मंजिल से गिरे एक वर्ष के बालक की मौत

एम्स परिसर में 16 दिन पहले हुई थी घटना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित एम्स परिसर में बने स्टाफ क्वार्टर की पहली मंजिल से 16 दिन पहले एक साल का बच्चा गिर गया था। लगभग पंद्रह फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसे सिर में गंभीर चोट लगी थी। एम्स में भर्ती मासूम की तभी से हालत गंभीर बनी हुई थी। डॉक्टर उसकी जान बचाने का भरसक प्रयास कर रहे थे, लेकिन शनिवार सुबह आखिर उसकी सांसें थम गई। इस घटना से परिवार में मातम का माहौल है। बागसेवनिया थाना पुलिस के अनुसार एक वर्षीय हनान पुत्र मोहम्मद सैफी परिवार में एम्स परिसर स्थित स्टाफ क्वार्टर में रहता था। पिता मोहम्मद सैफी एम्स में इंजीनियर हैं। चार नवंबर की शाम साढ़े पांच बजे हनान स्टाफ क्वार्टर के फर्स्ट फ्लोर पर था, तभी खेलते समय बालकनी से नीचे गिर गया। नीचे गिरने से उसे सिर में गंभीर चोट लगी थी। परिजन उसे तत्काल एम्स लेकर पहुंचे।

डॉक्टर ने चेक करने पर उसकी हालत नाजुक बताई थी। हालांकि उसकी जान बचाने डॉक्टर्स की टीम ने पूरा प्रयास किया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। शनिवार सुबह इलाज के दौरान हनान की मौत हो गई।

पॉश सोसायटी में कुत्ते से क्रूरता, मुंह-पैर बांधकर जिंदा दफनाने की कोशिश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित रिवेरा टाउन सोसायटी में आवारा कुत्ते के साथ अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। यहां एक कुत्ते को कथित तौर पर डंडों से बेरहमी से पीटा गया। इसके बाद उसके चारों पैर और मुंह प्लास्टिक व नायलॉन की रस्सी से बांध दिए गए।

आरोप है कि उसे जिंदा दफनाने के लिए नाले के पास गड्ढा भी खोदा जा रहा था। मामले में सोसायटी के केयरटेकर नरेश गिरी समेत चार लोगों पर आरोप लगाए गए हैं। सोसायटी की रहवासी सुचंदना गुप्ता ने इस संबंध में कमला नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को घटना से जुड़े वीडियो भी सौंपे हैं। शिकायत के अनुसार, 20 नवंबर 2026 को दोपहर करीब 12:30 बजे सोसायटी के कुछ कर्मचारी एक कुत्ते को डंडों से पीट रहे थे। मारपीट के बाद उसके मुंह और चारों पैरों को रस्सी से बांध दिया गया। इसके बाद उसे एक वाहन के नीचे रखा जा रहा था। महिला का आरोप है कि मौके पर मौजूद चार लोग उसे नाले में दफनाने के लिए गड्ढा तैयार कर रहे थे। हालांकि, कुत्ते को बाद में लहूलुहान हालत में छुड़ाया गया।

चार महीने का पिल्ला भी लापता

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि सोसायटी परिसर से करीब चार महीने का एक पिल्ला 19 नवंबर से लापता है। उसकी तस्वीर भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई है। महिला ने आशंका जताई है कि परिसर में पहले भी कुत्तों के साथ इस तरह की घटनाएं होती रही हैं। उनके अनुसार, पिछले करीब 18 वर्षों से सोसायटी परिसर से कई कुत्ते रहस्यमय परिस्थितियों में गायब होते रहे हैं। उन्होंने इन घटनाओं की भी जांच कराने की मांग की है।



कुत्तों को भोजन कराने पर मिलती हैं धमकियां

सुचंदना गुप्ता ने बताया कि वह अपने घर के आसपास रहने वाले सामुदायिक कुत्तों को नियमित रूप से भोजन कराती हैं। साथ ही भोपाल नगर निगम की मदद से उनकी नसबंदी भी करवाती हैं। महिला का आरोप है कि इस काम को लेकर सोसायटी के कुछ लोग उन्हें लगातार धमकाते हैं और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने पुलिस से सामुदायिक कुत्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लापता पिल्ले का पता लगाने की मांग की है।

बीएनएस और पशु क्रूरता अधिनियम में कार्रवाई की मांग

महिला ने शिकायत में केयरटेकर नरेश गिरी के साथ सोसायटी प्रबंधन के पदाधिकारियों की भूमिका की भी जांच करने को कहा है। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 325 और 351 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11(1) सहित अन्य प्रावधानों के तहत कार्रवाई की मांग की है। शिकायत 20 नवंबर को पुलिस को सौंपी गई थी। कमला नगर थाने के एसआइ संजय वर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

दर्दनाक हादसाः रेंटल बुलेट लेकर दोस्तों के संग घूमने निकला था छात्र...

जेल रोड पर डिवाइडर से टकराई बाइक मैनिट के छात्र की मौत, युवती घायल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पुरानी जेल रोड पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार रेंटल बाइक अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई। उसके बाद बाद सड़क किनारे बनी नाली में जा गिरी। हादसे में बाइक चला रहे मैनिट के बीटेक प्रथम वर्ष के छात्र 19 वर्षीय आर्थव नागर की मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठी उसकी महिला मित्र इशिता गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्र को पहले हमीदिया अस्पताल और फिर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। अरेरा हिल्स थाना पुलिस के अनुसार आर्थव पुत्र संजीव नागर मूल रूप से देवास जिले का रहने वाला था। इसी साल उसने मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में बीटेक प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया था। वह हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। आर्थव दो भाइयों में छोटा था। उसके पिता संजीव नागर देवास में खेती करते हैं।



किराए पर ली थी बाइक

आर्थव के दोस्तों ने पुलिस को बताया शुक्रवार रात हॉस्टल के छात्र शहर में घूमने निकले थे। आर्थव ने अशोकागार्डन क्षेत्र से रेंटल बुलेट ली थी। सफर के दौरान दोस्तों की दो अन्य बाइक भी साथ चल रही थीं। रात करीब एक बजे सभी कोर्ट चौराहे से बोट क्लब की ओर जाने निकले। रास्ते में वे ठंडी सड़क की तरफ चले गए और फिर लौटते समय पुरानी जेल रोड की घाटी से गुजर रहे थे। पशु चिकित्सालय के सामने घाटी के मोड़ पर रफ्तार अधिक होने के कारण आर्थव बाइक पर नियंत्रण नहीं रख सका। जिसके चलते बाइक पहले डिवाइडर से टकराई, फिर सड़क पर फिसलते हुए नाली में जा गिरी। हादसे में आर्थव के सिर और चेहरे पर गंभीर चोट आई। चेहरे के अलावा उसके शरीर में गंभीर अंदरूनी चोट लगी थीं। पीछे बैठी इशिता को भी गंभीर चोटें आई हैं।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से घायल युवक ने दम तोड़ा

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र के रासलाखेड़ी निवासी 22 वर्षीय रोहित पुत्र हरिशंकर प्रजापति 16 नवंबर को अपने भतीजे के साथ अमोनी स्थित ईंट भट्ठे पर काम करने गए थे। रात करीब 11 बजे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। अमोनी रेलवे फाटक के पास अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल रोहित को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गया था।

पैदल जा रहे व्यक्ति को बाइक ने टक्कर मारी, मौत

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कालापानी में रहने वाले 50 वर्षीय पर्वतसिंह पुत्र घासीराम गुर्जर निजी काम करते थे। शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे किसी काम से पैदल घर से निकले थे। कजलीखेड़ा रोड पर पिंटू ढाबा के पास सड़क पर तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल पर्वतसिंह को परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे।

साइबर ठगों की करतूत, चार लोगों से 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में साइबर अपराध थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगभग रोज ही शातिर जालसाज किसी ना किसी के खाते से रकम उड़ा लेते हैं। इसी क्रम में शहर के तीन थाना क्षेत्रों में चार लोगों के कुल 19 लाख 76 हजार 353 रुपये हड़प लिए गए। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में रहने वाली 40 वर्षीय विनीता काकोडिया प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। सात नवंबर को उन्होंने इंस्टाग्राम पर पर्यावरण विभाग में नौकरी का विज्ञापन देखकर संपर्क किया। फोन रिसीव करने वाले ने सबसे पहले पंजीयन के नाम पर 1050 रुपये मांगे। उसके बाद और दस्तावेज वाट्सएप पर भेजने को कहा। मांगे गए कागज भेजने के बाद विनीता को नियुक्ति और एग्रीमेंट लेटर भेजकर अलग-अलग किश्तों में राशि की मांग की जाती रही। विनीता ने 13 ट्रांजेक्शन में कुल 34,100 रुपये भेज दिए। बाद में और रुपये मांगे जाने पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। शिकायत के आधार पर पुलिस धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। उधर अयोध्या नगर क्षेत्र के न्यू मिनाल रेसीडेंसी निवासी प्रापर्टी डीलर संत कुमार झा से ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी कर 18 लाख 41 हजार 570 रुपये हड़प लिए गए। शिकायत में उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति ने दूसरे की पहचान का इस्तेमाल कर उन्हें झांसे में लिया और रकम ट्रांसफर करा ली।



क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा

मिसरोद निवासी केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक 41 वर्षीय दीपक सिंह के पास एक अनजान व्यक्ति का फोन पहुंचा। उसने अपना परिचय एक्सिस बैंक के कर्मचारी के रूप में दिया। उसके बाद उसने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का आफर देकर लिंक भेजा और कार्ड की जानकारी व ओटीपी भरवा लिया। इसके बाद उनके कार्ड से खाते से 25,683 रुपये कट गए।

विज्ञापन से लगी 75 हजार की चपत

मिसरोद निवासी चिकित्सक शुभी मिश्रा की मां कल्पना दुबे फेसबुक पर सामान खरीदने का विज्ञापन देखकर ठगी का शिकार हो गईं। भुगतान की प्रक्रिया के बहाने आरोपित ने अलग-अलग खातों में 75,820 रुपये जमा करा लिए। पुलिस चारों मामलों में रकम के ट्रांसफर की जानकारी जुटाकर आरोपियों के बारे में सुराग जुटा रही है।

चार किलो गांजा, 61 ग्राम स्मैक के साथ चार गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मादक पदार्थों की धरपकड़ की मुहिम जारी है। इसी क्रम में टीटी नगर क्षेत्र में पुड़िया बनाकर फुटकर में गांजा बेचने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लगभग चार किलो गांजा भी बरामद हुआ है। उधर छोला मंदिर थाना पुलिस ने भी दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 61.191 ग्राम स्मैक जब्त कि है। पुलिस पूछताछ कर आरोपियों का नेटवर्क पता लगा रही है। टीटी नगर थाना पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गैमन माल के पीछे घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। आरोपियों की पहचान पंचशील नगर पत्रकार कालोनी निवासी 20 वर्षीय मनी धोलपुरिया और गौतम नगर निवासी 20 वर्षीय अरुण खरे के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने गौहरगंज निवासी पंकज नाम के व्यक्ति से गांजा खरीदकर लाना कबूल किया है। वे पिछले छह महीने से पुड़िया बनाकर शहर के अलग-अलग इलाकों में बेच रहे थे। मनी के खिलाफ मारपीट,अड़ीबाजी और चोरी के करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। उधर छोला मंदिर थाना पुलिस ने स्मैक की सप्लाई करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 66.191 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया है। जब्त स्मैक की कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को सूचना मिली थी कि भानपुर क्षेत्र में दो युवक स्मैक बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं।

मामूली बात पर युवक पर जानलेवा हमला

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित वकील कॉलोनी में शुक्रवार रात मामूली बात पर हुई कहासुनी के बाद बदमाश ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। निशातपुरा थाना पुलिस के अनुसार वकील कॉलोनी, निशातपुरा निवासी 35 वर्षीय इमरान पुत्र निजामुद्दीन खान वाहनों की कमानी सुधारने का काम करता है। शुक्रवार रात इमरान मोहल्ले में था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला गोलू उर्फ अमर उसके पास पहुंचा और पूछने लगा कि कहां जा रहा है। इमरान ने इस तरह पूछताछ करने पर ऐतराज जताया।

वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार, 11 बाइक बरामद

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः ऐशबाग थाना पुलिस ने सीसीटीवी से मिले सटीक सुराग के आधार पर एक शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। उनके पास से शहर के विभिन्न स्थानों से चोरी गए 11 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। ये लोग बाइक चोरी करने के बाद रायसेन में छिपा देते थे। पकड़े गए तीन आरोपियों से चोरी की अन्य वारदातों के बारे में सघन पूछताछ की जा रही है। ऐशबाग थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातों को सुलझाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाले जा रहे थे। इस दौरान एक संदिग्ध युवक कई वारदातों में शामिल दिखा। उसकी पहचान सिलवानी, रायसेन निवासी माजिद मंसूरी के रूप में हुई। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। इस बीच गुरुवार को मुखबिर से पता चला कि माजिद ऐशबाग क्षेत्र के श्मशान घाट के पास किसी वारदात की नीयत से घूम रहा है। इस आधार पर पुलिस ने उसे घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। थाने लाकर सख्ती से पूछताछ करने पर उसकी पहचान बगिया मोहल्ला वार्ड नं.01 सिलवानी जिला रायसेन निवासी 20 वर्षीय माजिद मंसूरी के रूप में हुई। उसने अपने तीन साथियों की मदद से बाइक चोरी की वारदात कर चोरी के वाहन ठिकाने लगाने की बात कबूल कर ली। माजिद मंसूरी को पुलिस रिमांड पर लेने के बाद पुलिस उसके बताए ठिकाने पर सिलवानी पहुंची। वहां उसके साथी 27 वर्षीय फईम मंसूरी और 23 वर्षीय कासिब कुरैशी को हिरासत में लेने के बाद वहां छिपाकर रखी गईं चोरी की 11 बाइक बरामद की गईं। गिरोह के फरार एक सदस्य की तलाश की जा रही है। गिरोह सरगना माजिद के खिलाफ पूर्व से 24 अपराध दर्ज हैं। इससे पहले भी उसके पास से चोरी के 10 दोपहिया वाहन बरामद हुए थे।



श्री धर्मनाथ जिनालय पलासी में पंच कल्याणक महोत्सव 25 से

पाषाण ओर अष्ट धातु की प्रतिमाएं होंगी प्रतिष्ठित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में नव निर्मित श्री धर्मनाथ जिनालय पलासी न्यू जेल रोड में पाषाण से भगवान बनने काअनुष्ठान पंच कल्याणक महोत्सव 25 से शुरू होगा। आचार्य समय सागर महाराज सा संघ सान्निध्य में यह अनुष्ठान 30 नवंबर तक चलेगा। आयोजन समिति के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताा कि जुलाई 2021 में आचार्य निर्भय सागर महाराज पुराण सागर महाराज, अरह सागर महाराज की प्रेरणा से यहां समाज जनों ने जिनालय निर्माण की आधारशिला रखी थी। यहां प्रभु को विराजमान कर पूजा पाठ शुरू किया गया था। दिसंबर 2024 को मुनि निर्णय सागर महाराज, निराकुल सागर के सान्निध्य में नवीन जिनालय के भवन का शिलान्यास हुआ था। तत्पश्चात मुनि निर्वेग सागर, मुनि विमल सागर और अनंत सागर महाराज के मार्गदर्शन में जून 2025 को वेदी का शिलान्यास हुआ। नवीन जिनालय के भवन का निर्माण 2500 वर्ग फीट पर हुआ इसमें 31 फीट का शिखर है।

मंदिर में मकराना के सफेद मार्बल से कल्प वृक्ष की प्रतिकृति से सुसज्जित वेदिका बनी है।जिसका निर्माण राजस्थान के कुशल कारीगर फरदीन खान, अरबाज एवं सलीमुद्दीन द्वारा किया गया है।

नवीन वेदिका में पाषाण से निर्मित मूलनायक की 41 इंच की, विमल नाथ और अनंत नाथ भगवान की 21 इंच की प्रतिमा विराजमान होंगी। साथ में अष्ट धातु से बनी 24 प्रतिमाएं सात इंच की और एक प्रतिमा नौ इंच की विराजमान होगी। सभी जिन प्रतिमाएं राजस्थान से आ चुकी हं।



संदिग्ध परिस्थितियों में सीढ़ियों से गिरकर हुई युवक की मौत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित शंकराचार्य नगर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई। वह 17 नवंबर को देर रात अपने दोस्तों के पास पार्टी करने गया था। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। दोस्त उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। स्टेशन बजरिया थाना पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय शुभम पुत्र नारायण सिंह ठाकुर पिपलिया बाज खां,रासलाखेड़ी निशातपुरा में रहता था। इससे पहले वह शंकराचार्य नगर में रहता था। वर्तमान में वह रेलवे के पार्सल ऑफिस में प्राइवेट काम करता था। 17 नवंबर को रात में शुभम शंकराचार्य नगर में रहने वाले दोस्तों के घर पार्टी करने पहुंचा था। पार्टी करने के बाद रात करीब ढाई बजे वह सीढ़ियों से उतर रहा था,तभी लड़खड़ाकर गिर गया था। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। दोस्त उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे,तभी से वह बेसुध था। शुक्रवार रात उसकी तबीयत बिगड़ी और डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर छह वर्षीय बच्ची की मौत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः छोला मंदिर थाना इलाके में अयोध्या बायपास स्थित सेज गोल्डन सिटी में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में छह साल की बच्ची की मौत हो गई। रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रिवर्स करते समय बच्ची उसकी चपेट में आ गई। पहियों के नीचे कुचलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक, ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक छह वर्षीय अनामिका के माता-पिता सेज गोल्डन सिटी में मजदूरी करते हैं और वहीं रहते हैं। शनिवार सुबह करीब 11 बजे रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली वहां पहुंची थी। चालक रेत खाली करने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली पीछे कर रहा था। इस दौरान बच्ची के माता-पिता काम में व्यस्त थे, जबकि अनामिका पास में खेल रही थी। तभी वह अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गई। वाहन के नीचे कुचलने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली है। हादसे के बाद फरार चालक की तलाश की जा रही है।



आक्रोश *एसडीएम ने दी समझाइश तब धरना हुआ खत्म...*

हर्षित का अंतिम संस्कार, थाने के सामने किया लोगों ने चक्काजाम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद हमीदिया अस्पताल में भर्ती हर्षित राजपूत की गुरुवार रात को मौत हो गई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिवार एवं बस्ती के लोग शव को स्ट्रेचर पर लेकर सड़क मार्ग से प्रदर्शन करते हुए निकले थे। उन्होंने पहले मुख्यमंत्री निवास के पास फिर पॉलीटेक्निक कॉलेज चौराहा पर प्रदर्शन किया था। उसके बाद न्यूमार्केट में भी धरना दिया था।

शनिवार सुबह हर्षित का सुभाष नगर विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके बाद उसके परिजन और झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने बागसेवनिया थाने के सामने मुख्य सड़क पर चक्काजाम कर दिया। उनका आरोप था कि जेल प्रबंधन की लापरवाही से हर्षित की मौत हुई है।

जेल अधीक्षक और जेल के डॉक्टर को भी निलंबित किया जाए। हर्षित परिवार में इकलौता कमाने वाला बेटा था। उसकी मौत के बाद परिवार के सामने भरण पोषण का संकट हो गया है। लिहाजा प्रशासन परिवार को आर्थिक मदद दें। करीब एक घंटे से ज्यादा समय तक परिजन और कार्यकर्ता बागसेवनिया थाने के सामने बैठे रहें और कलेक्टर से चर्चा करने की जिद की। कलेक्टर के भोपाल में मौजूद नहीं होने के कारण एसडीएम मौके पर पहुंचे। उन्हें प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपा। एसडीएम और पुलिस के अधिकारियों की समझाइश के बाद ही चक्काजाम और प्रदर्शन खत्म हो सका। एसडीएम ने तीन दिन के भीतर परिजन को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया है।



बता दें कि 21 साल का हर्षित राजपूत जेल में दो महीने से था। उसकी तबीयत खराब थी। परिजन का आरोप था कि बार बार जेल प्रबंधन को आवेदन देकर हर्षित का इलाज कराने की गुजारिश की गई, लेकिन जेल प्रबंधन ने लापरवाही बरती। उसका इलाज नहीं कराया।

बुधवार को हर्षित की तबीयत बिगड़ी और उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार को उसकी मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि समय पर उचित इलाज दिया जाता तो जवान बेटे की मौत नहीं होती।